राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

करौली में हुई हिंसा के संबंध में राज्यपाल ने की पुलिस महानिदेशक से फोन पर बात
लोगों से संयम रखते हुए शांति एवं सद्भाव कायम रखने की अपील की

जयपुर, 2 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने करौली में हुई हिंसा के संबंध में पुलिस महानिदेशक श्री एम.एल. लाठर से दूरभाष पर संवाद कर हालात के बारे में जानकारी ली।

श्री मिश्र ने हिंसा पर चिंता जताते हुए पुलिस महानिदेशक से हालात नियंत्रण के लिए की गयी कार्यवाही के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान स्थानीय लोगों से संयम बरतते हुए शांति एवं सद्भाव कायम रखने की अपील भी की है।

————